हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

10 एनएचएम कर्मियों के सेवा नियमों को फ्रीज किए बीते 9 माह, अब सीएम आवास घेराव की तैयारी 10



## खबर संक्षेप

### जानकार पर लगा चोरी करने का आरोप

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक मकान से हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। इस बारे में पीड़ित मकान मालिक ने पुलिस में शिकायत दी है। वहीं चोरी करते की एक वीडियो भी मकान मालिक की पड़ोस में रहने वाली युवती ने बना ली। जिसमें पहचान के ही दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं जब युवकों को वीडियो बनाने का पता चला तो उन्होंने युवती को भी जान से मारने की धमकी दी।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**नारनौल।** बीकेएन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में मंगलवार को एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुरूआत की गई। शिविर का शुभांरभ संस्था प्राचार्य अनिल यादव ने बाबा खेतानाथ की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित व पुष्प माला अर्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि एनएसएस छात्रों को सामाजिक कार्यो से जोड़ती है।

### अभिभावकों को किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निर्देशानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं एसडीजेएम गौरव खटाना के मार्गदर्शन में मंगलवार को लेबर कॉलोनी में न्याय रक्षक पूजा यादव तथा आधार मित्र विजय सिंह एवं मनोज यादव ने कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के माता-पिता को बताया कि शिक्षा हमारे जीवन का आधार है।

### केंद्रीय मंत्री के पिता के निधन पर जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मंगलवार को हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान के निधन पर उनके भुवनेश्वर उड़ीसा आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. देवेंद्र प्रधान पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई की वजारात में वजीर थे।

### चेलावास के रणजीत सिंह को किया सम्मानित

**कनीना।** अखिल भारतीय सर्वधर्म सर्व जातीय सहरावत खाप की ओर से हाल ही में रोहतक के भैंसरू खुर्द में आयोजित हुए चतुर्थ खाप सम्मेलन में चेलावास निवासी रणजीत सिंह को सम्मानित किया है। इस वार्षिक सम्मेलन में हरियाणा के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

### 71 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई

**मंडी अटेली।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली की टीम ने 71 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा दल में डॉ. मुकेश सोनी, डॉ. पूनम यादव, एएनएम संतोष कुमारी, फार्मासिस्ट देवेंद्र कुमार व प्रदीप कुमार ने भाग लिया।

### उन्मुखीकरण और जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 पर केंद्रित आठ दिवसीय उन्मुखीकरण और जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत हुई। आगामी 25 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मौजूद थे।

---

चार मंजिली अस्पताल में रैंप की सुविधा नहीं आगजनी की स्थिति में मरीजों को बाहर निकालना हो जाएगा मुश्किल ब्लड बैंक की जरूरत

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग को नहीं मिला बजट मैटरनिटी विंग में जनरल ओपीडी करते हैं चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

नांगल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग को कंडम घोषित कर दिया। नई बिल्डिंग का प्रपोजल स्वीकृत होने के बाद विभाग ने कंडम भवनों को गिराने के निर्देश दिए हैं लेकिन भवन निर्माण का बजट स्वीकृत नहीं किया, जिस कारण चिकित्सकों को मैटरनिटी विंग में बैठकर मरीजों का इलाज करना पड़ता है। जहां अव्यवस्था होने की वजह से स्टॉफ व मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**खास बातें**

- नई बिल्डिंग का प्रपोजल स्वीकृत होने के बाद विभाग ने कंडम भवनों को गिराने के निर्देश दिए
- स्टॉफ व मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानी

**!!!**

आपको बता दें कि नांगल चौधरी में करीब 50 साल पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी गई थी। मरीजों की संख्या बढ़ने पर विभाग ने 1995-96 में पीएचसी को अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया है। विभागीय रिकार्ड में सीएचसी पर करीब 1.80 लाख आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं की जिम्मेवारी है। अस्पताल में पांच चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं साथ ही पैरामेडिकल स्टॉफ के पद स्वीकृत किए गए हैं। लेकिन सीएचसी के वर्कलोड के अनुसार भवन उपलब्ध नहीं कराया गया। मरीजों को पुराने भवनों में ही चिकित्सीय सुविधाएं मिल रही हैं। समस्या की जानकारी मिलने में समाजसेवी बैजनाथ चौधरी ने करीब तीन करोड़ की लागत से चार मंजिली मैटरनिटी विंग का निर्माण कराया था। जिसमें महिलाओं को डिलीवरी व अन्य बीमारियों का इलाज करने के दिशा-निर्देश हैं। लेकिन पुरानी बिल्डिंग कंडम होने के कारण सामान्य ओपीडी कक्ष भी मैटरनिटी विंग में स्थापित कर दिए हैं। सीएचसी के प्रथम तल पर प्रसूर्ति वार्ड बनाया गया है, इसके साथ ही सामान्य ओपीडी व फार्मासिस्ट काउंटर खोला गया है। दूसरी मंजिल पर शिशू रोग विशेषज्ञ व बीमार बच्चों का एडमिट वार्ड बनाया गया है। इसके साथ में एसएमओ कार्यालय व कंप्यूटर ब्रांच स्थापित है। लैब, हैम्योपैथी वार्ड, मलेरिया वार्ड, एक्सरा मशीन तथा एंबुलेंस कक्ष कंडम बिल्डिंग में संचालित हैं। लेकिन मैटरनिटी विंग में रैंप सुविधा नहीं, यदि आगजनी की घटना घटित हुई तो मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना मुश्किल हो जाएगा। रैंप के आभाव में मरीजों को दूसरे व तीसरे तल पर स्टेचर द्वारा लेकर जाना संभव नहीं। अव्यवस्था की शिकायत मिलने पर सरकार ने करीब एक साल पहले सीएचसी के लिए नई बिल्डिंग स्वीकृत कर दी। विधानसभा में जल्द ही बजट सैंक्शन करके निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

### पीएचसी पर स्टॉफ नियुक्त, डिलीवरी सुविधा नहीं

नांगल चौधरी सीएचसी के अंतर्गत विभिन्न गांवों में सात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27 उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हैं। सरकार द्वारा पीएचसी में ग्रामीणों को इलाज व महिलाओं को डिलीवरी सुविधा देने का प्रपोजल तैयार किया था। लेकिन पीएचसी में आवश्यक संसाधन नहीं, जिस कारण महिलाओं को डिलीवरी सुविधा मिलना संभव नहीं हो पाया है।

### सीएचसी में डिलीवरी संख्या बढ़ी, ब्लड बैंक की जरूरत

सीएचसी में 2020 में 243 गर्भवती महिलाओं को प्रसव सुविधा मिली थी। 2021 में 275 महिलाओं की डिलीवरी कराई गई थी, तथा 2022 में 271 डिलीवरी दर्ज की गई हैं। इसके बाद 2023 में सीएचसी को महिला चिकित्सक मुहैया कराई गई है। अब अप्रेल 2023 से मार्च 2024 तक 412 गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराई जा चुकी है।

### पुरानी बिल्डिंग कंडम हो चुकी, मैटरनिटी विंग में रैंप नहीं

एसएमओ डॉ धर्मेश कुमार सैनी ने बताया कि सीएचसी की पुरानी बिल्डिंग कंडम हो चुकी, जिसको गिराया जाना है। चार मंजिली मैटरनिटी विंग में रैंप सुविधा नहीं, आपात परिस्थितियों में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना मुश्किल हो सकता है। नई बिल्डिंग स्वीकृत होने की प्रक्रिया चली थी, किंतु प्रोसेस कहां अटका हुआ है यह मालूम नहीं। मैटरनिटी विंग में मरीजों को इलाज संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

---

सर्वेक्षण के लिए 9500 अंकों की बजाय 12,500 अंक किए गए तय, चार फेज का होगा सर्वे

# शहर में पहुंची टीम, ऐप में आई लोकेशन के आधार पर किया जा रहा सर्वे

15 फरवरी से प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। इसमें चार फेज के लिए विभाग 12500 अंक देगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए चार सदस्यीय टीम मंगलवार को शहर पहुंची। टीम की शामिल सदस्य की ओर से एप में आई लोकेशन के आधार पर सर्वे किया जा रहा है तथा टीम में शामिल चार सदस्यों ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगों से शहर के लोगों के लोगों से स्वच्छता को लेकर नपा की ओर से किए प्रयासों का फीडबैक लिया जा रहा है। बता दें कि 15 फरवरी से प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। इसमें चार फेज के लिए विभाग 12500 अंक देगा। इसमें पहला फेज आवेदन प्रक्रिया है। दूसरे फेज में विभाग की ओर से 18 जनवरी से एक फरवरी तक पोर्टल पर डाटा अपडेट करने के निर्देश जारी किए थे। इस अवधि में किस शहर ने कितना डाटा अपडेट किया, इसके अनुसार अंक दिए जाएंगे। सबसे अधिक नंबर तीसरे व चौथे फेज में निर्धारित किए गए हैं। तीसरे फेज में नगर परिषद की टीमें शहर का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान मिलने वाली खामियों को दुरुस्त कराएंगी। चौथे फेज में अंतिम सर्वेक्षण की तैयारी करनी होगी। इसमें कमी रहने पर सबसे अधिक नंबर काटे जाएंगे। समस्याओं निदान के लिए 500 अंक तय किए गए हैं। इसमें नागरिकों की प्रतिक्रिया के अनुसार ही अंक दिए जाएंगे।



महेंद्रगढ़। दुकानदार से फीडबैक लेता टीम में शामिल सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### आनलाइन लोकेशन के आधार पर किया जा रहा सर्वे

सर्वे करने वाली टीम के पास आनलाइन लोकेशन आती हैं। इसके बाद टीम निकाय के कर्मचारियों की मदद से उन लोकेशन पर जाती है और वहां का जायजा लेती है। इस दौरान टीम के सदस्य वहां के फोटो लेकर उसे आनलाइन अपलोड करते हैं। साथ ही वहां की स्थिति के बारे में भी रिपोर्ट मौके पर ही अपलोड करते हैं। इस बार सर्वे में निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। अगर क्लेम व फील्ड निरीक्षण में 20 प्रतिशत से ज्यादा अंतर मिलता है तो उस निकाय के अंक काटे जाएंगे। अगर अंतर 21 से 30 प्रतिशत के बीच मिलता है तो 15 अंक, 31 से 40 प्रतिशत के बीच के 20 अंक, 41 से 50 प्रतिशत के बीच के 25 अंक और अंतर 50 प्रतिशत से ज्यादा मिलता है तो 30 अंक काटे जाएंगे।

### इन पैमानों पर मिलेंगे अंक

- स्वच्छता के लिए नगर परिषद के क्या प्रयास रहे।
- पोर्टल पर आई शिकायतों का समाधान की स्थिति।
- सड़कों पर गंदगी यानी कीचड़ न हो।
- पूरे शहर में सड़कों पर सफाई हो।
- सड़कों पर डंपिंग पाइंट न बने हों।
- गीला-सूखा कचरा अलग संग्रहण किया गया हो।
- कचरे से ठोस पदार्थ अलग किए गए हों।
- उपयोग किए गए जल का प्रबंधन।
- सफाई कर्मचारियों को पूरी सुविधाएं हों।

### किस फेज में मिलेंगे कितने अंक

| | |
|---|---|
| पहला फेज- | 500 |
| दूसरा फेज- | 500 |
| तीसरा फेज- | 4500 |
| चौथा फेज- | 4500 |
| ओडीएफ व वाटर प्लस- | 1200 |
| गार्बेज फ्री सिटी के अंक- | 1300 |
| कुल अंक: | 12500 |

### 12500 अंक का होगा स्वच्छ सर्वेक्षण

शहरों की स्वच्छता सर्वेक्षण में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। अब सर्वेक्षण के लिए 9500 अंकों की बजाय 12500 अंक तय किए गए हैं। इस बार 3000 अंकों की बढ़ोतरी की गई है। इसी के साथ ही सफाई का आंकलन करने के लिए नए मापदंड भी जोड़े गए हैं। इसमें सफाई के 1,500 अंक, कचरे के वर्गीकरण, एकत्रीकरण व यातायात के 1,000 अंक, ठोस कचरा प्रबंधन के 1,500 अंक, प्रयुक्त जल प्रबंधन के 1,000 अंक, नागरिक प्रतिक्रिया एवं शिकायत निवारण के 500 अंक, स्वच्छता की वकालत के 1,500 अंक निर्धारित किए गए हैं। ऐसे में शहर को स्वच्छता में प्लस रैंक पाने के लिए भी 7,000 अंक जुटाने होंगे।

---



नारनौल। बिना ई-रवाना पकड़ा गया वाहन। फोटो: हरिभूमि

# बिना ई-रवाना पकड़ा डंपर, 4.21 लाख वसूलकर जमा कराए खजाने में

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

- जिले में अवैध खनन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा
- पुलिस के सहयोग से 24 घंटे की जा रही है कड़ी निगरानी

मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन पर जिला प्रशासन लगातार कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पिछले दो दिनों में जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम ने 215 वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान एक बॉयल ग्राइंडिंग यूनिट से एक डंपर बिना ई-रवाना पकड़ा गया। इससे 4.21 लाख रुपये वसूल करके सरकारी खजाने में जमा कराए। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अब कहीं भी अवैध खनन का मामला नहीं है। पुलिस विभाग के सहयोग से जिला प्रशासन की टीम लगातार कड़ी निगरानी कर रही है।

उन्होंने बताया कि अब जो भी मामले पकड़े जा रहे हैं वे केवल अवैध तरीके से खनिज परिवहन के मामले हैं। ऐसे मामलों में सरकार द्वारा निर्धारित भारी जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान से बिना बिल खनिज के परिवहन के मामले आ रहे हैं। इसके अलावा कुछ मामले जिला के क्रेशर जोन से बिना ई रवाना के सामने आए हैं। इन पर कानून अनुसार कार्रवाई करते हुए लगातार जुर्माना वसूली की जा रही है। जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया गया है। जिला प्रशासन की टीम पुलिस को साथ लेकर जिले के सभी संवेदनशील गांव में लगातार औचक निरीक्षण कर रही है।

---

# धानक समाज उत्थान संगठन के चुनाव में भाई-भतीजावाद का आरोप, दोबारा चुनाव कराने की मांग

**नारनौल।** धानक समाज उत्थान संगठन के चुनावों के विरुद्ध समाज के गणमान्य लोगों द्वारा शिकायत दी गई है। उन्होंने संगठन के चुनावों की प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए जिला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी, महानिदेशक, मुख्य सचिव व विभागीय कैबिनेट मंत्री को शिकायत भेजी है। इस शिकायत के आधार पर फर्म एवं सोसायटी विभाग के जिला रजिस्ट्रार ने संज्ञान ले लिया है और दोनों पक्षों को बुलाकर सुनवाई शुरू कर दी है। मोहनलाल कौथल, रविदत्त पालड़ी, सूबेदार अमर सिंह, वेदप्रकाश कौथल, पूर्व प्रधान करतार सिंह, जगदीश, मामराज, रिटायर्ड डीजीएम महेंद्र खन्ना, राजेश्वरी इंदौरा, सरपंच प्रताप भड़फ, कन्हैयालाल सिहार, सुपरीडेंट सूबेसिंह व दारा सिंह आदि ने बताया कि संगठन के चुनाव संविधान के अनुसार हर तीन साल में संपन्न होने निर्धारित किए हुए हैं। हरियाणा स्टेट रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत प्रदत बाईलाज की अनुपालना के अनुसार संगठन के चुनाव 22 अक्टूबर 2024 होने चाहिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन कार्यकारिणी को प्रभाव में लेते हुए कुछ लोगों ने अपने मनमाने ढंग से चुनाव प्रक्रिया को विलंब कर दिया गया।

# हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

आपस में हुई कहासुनी को लेकर हुए झगड़े में चोट लगने के कारण इलाज के दौरान हुई मृत्यु के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राजेश वासी लोहगढ़ थाना अतरौली जिला अलीगढ़ यूपी और मुन्ना लाल वासी निवारी बांगर थाना नरौरा जिला बुलंदशहर यूपी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को कनीना क्षेत्र मोहनपुर टी प्वाइंट से गिरफ्तार किया। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस ने पता लगाया कि आपसी कहासुनी को लेकर हुए झगड़े में शिकायतकर्ता की माता को चोट लग गई थी, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। अलीगढ़ के गांव रायपुर दलपतपुर वासी शिकायतकर्ता सचिन कुमार ने थाना सदर कनीना में दी शिकायत में बताया कि करीब चार माह से वह उसके माता-पिता व आकाश, सुशील कुमार व निरंजन सिंह, चरन सिंह व सुखबीर सिंह के साथ गांव बवानिया पर ईंट भट्टा पर मेहनत मजदूरी काम करते थे। इस भट्टे पर उनके गांव के नजदीक के ओर भी व्यक्ति काम करते थे। 12 मार्च की रात्रि को मुन्ना निवासी निवारी नरोरा पॉवर प्लांट व राजेश निवासी निवारी नरौरा व तीन इनके रिश्तेदार थे, जिन्होंने शराब पीकर उनके साथ झगड़ा किया और मारपीट की।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# अज्ञात कारणों के चलते व्यक्ति की जान गई

- रात्रि को एक शादी के प्रोग्राम में तंदूर का कार्य करके आया था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह रात्रि को एक शादी के प्रोग्राम में तंदूर का कार्य करके आया था, लेकिन सुबह के समय उसकी तबीयत खराब मिली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के चाचा राजकुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह महेंद्रगढ़ के मोहल्ला चामधेड़ा रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर का निवासी है। उन्होंने बताया कि उसका भतीजा कुलदीप वार्ड नंबर-12 मोहल्ला गुवारियान में अपने परिवार के साथ रहता था। 17 मार्च को उसका भतीजा कुलदीप तंदूर का काम करके रात अपने घर पर आकर सोया था। जब सुबह कुलदीप नहीं उठा, तब उसकी मां केला देवी ने बताया कि कुलदीप की तबीयत खराब है।

वह अभी तक सो रहा है। उसके बाद वह और आसपास के लोग कुलदीप को सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ में लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने कुलदीप की जांच कर मृत घोषित कर दिया। कुलदीप के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, ताकि उसकी मौत के कारणों का पता चल सके।

# 60 करोड़ से सुधरेगी महेंद्रगढ़ एवं सतनाली क्षेत्र में नहरी पानी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ एवं सतनाली क्षेत्र में नहरी पानी की व्यवस्था को सुधारने के लिए फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक में 60 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाएं मंजूर हुई हैं। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में फ्लड कंट्रोल बोर्ड की 56वीं बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में महेंद्रगढ़ एवं सतनाली क्षेत्र में की नहरी पानी व्यवस्था को सुधारने एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए 60 करोड़ की योजनाएं मंजूर हुई हैं। इन योजनाओं में बारिश के दिनों में जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान, विभिन्न गांवों में अनेक जोहडों को नहरी नेटवर्क से जोड़ने तथा बारिश के दिनों में अतिरिक्त नहरी पानी को बड़ी बड़ी वाटर बाडी बनाकर उनमें एकत्रित करने की विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। संदीप मालड़ा ने बताया कि अधिकारियों ने इनमें से बहुत सी योजनाओं का सर्वे पहले ही कर रखा है तथा कुछ योजनाओं के एस्टीमेट भी बना लिए गए है। इन सभी योजनाओं पर जल्द ही काम शुरू करवाया जाएगा।



महेंद्रगढ़। गांव गडानिया स्थित जोहड़। फोटो: हरिभूमि

### इन परियोजनाओं को मिली है मंजूरी

14.82 करोड़ रुपये की लागत से गांव खेड़की के समीप नारनौल ब्रांच से दोहान नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। इससे गांव खेड़की, गडानियां, बैरावास, पाल, पल्ह व खैरौली सहित अन्य गांवों के जलस्तर में सुधार होगा। करीब 10 करोड़ लागत से गांव जेरपुर, ऊष्मापुर एवं राजावास में महेंद्रगढ़ डिस्टीब्यूट्ररी अतिरिक्त नहरी पानी का संरक्षण किया जाएगा। 8.03 करोड़ रुपये की लागत से गांव डिगरोता में अतिरिक्त नहरी पानी का संरक्षण किया जाएगा। इसके गांव डिगरौता के अलावा बारड़ा एवं नांगल माला के जलस्तर में सुधार होगा। 6.05 करोड़ रुपये की लागत से गांव नंगला, जवाहर नगर एवं पथरवा में अतिरिक्त नहरी पानी संरक्षण किया जाएगा। 5.62 करोड़ गांव बसई, आकोदा, खेड़ी एवं खेड़ा में गंदे पानी के जोहड़ की ओवरफ्लो समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। 4.94 करोड़ की लागत से गांव जड़वा में गौशाला के पास अतिरिक्त नहरी पानी संरक्षण किया जाएगा। श्री बांके बिहारी गौशाला जड़वा के पास बड़ा जोहड़ खोदकर एवं पक्के टैंक में नहरी पानी संरक्षण से भूजल रिचार्ज होगा तथा पंचायती फार्म भी सिंचित होंगे। 3.82 करोड़ रुपये गांव गढ़ी बास में नहरी पानी संरक्षण किया जाएगा। इससे गांव बास की जोहड़ी, सैनियों की ढाणी एवं ढाणी श्योपुरा में भूजल रीचार्ज होगा। 3.41 करोड़ गांव गड़ानिया, लावन, बुचौली, बवाना व जड़वा में खोदकर या पहले से खुदे हुए जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। 2.40 करोड़ की लागत से गांव डालनवास में पक्के टैंक का निर्माण कर अतिरिक्त नहरी पानी संरक्षण किया जाएगा। 98 लाख के पंप सैट खरीदे जाएगें तथा इससे बारिश के दिनों में जल निकासी के लिए गांव में उपयोग हो सकेंगे। 20 लाख लावन नहर के नीचे से ड्रेनेज का प्रावधान किया जाएगा।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।




# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल
## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय


नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा
# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप

### गरीबों का सपना होगा साकार

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के शहरी क्षेत्र में अपने घर का सपना साकार करने के लिए एक मरला अर्थात 30 वर्ग गज प्लॉट मात्र एक लाख रुपए में देने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना में घुमंतु जाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। पात्र व्यक्ति आगामी 31 मार्च 2025 तक न्यूनतम राशि जमा करवाकर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते है। डीसी मुनीश शर्मा ने बताया कि हाऊसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये की सब्सीडी का प्रावधान भी किया गया है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक आय वाले परिवार इसके लिए पात्र है।

### कुत्तों को एंटी रेबीज टीकाकरण का अभियान

**भिवानी।** शहर में आए दिन बेसहारा कुत्तों के द्वारा आम जन को काटने की घटनाएं हो रही है, जिसके कारण अनेकों लोगों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा बना हुआ है, प्रतिदिन भिवानी निवासी आमजन द्वारा नगर परिषद भिवानी व पशुपालन विभाग को शिकायत मिल रही थी,

इसीलिए पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ रविंद्र सेहरावत के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए एनिमल सिंपैथी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाए जा रहे मिशन रेबीज फ्री इंडिया कार्यक्रम के तहत गौ रक्षा दल भिवानी के सहयोग से गलियों में रहने वाले बेसहारा कुत्तों को एंटी रेबीज टीकाकरण करने का अभियान आरंभ किया है, अभियान के पहले दिन 28 कुत्तों को एंटी रेबीज टीकाकरण किया गया।

### नकल मुक्त परीक्षाओं के लिए प्रशासन सक्रिय

**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल मुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। उपायुक्त मुनीश शर्मा के दिशा-निर्देशन में एसडीएम, शिक्षा अधिकारियों और फ्लाइंग दस्तों द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम आशीष सांगवान ने जिला के बिरही कलां व सारंगपुर आदि गांव के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त के दिशा-निर्देशन में प्रशासन व शिक्षा विभाग नकल मुक्त परीक्षाओं के आयोजन के लिए लगाकार कार्य कर रहा है। फ्लाइंग टीमों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण के दौरान यूएमसी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि नकल मुक्त परीक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें

### डुडीवाला किशनपुरा, रामपुरा व डोहका मौजी हुए ड्रग फ्री

**चरखी दादरी।** मंगलवार को गांव डुडीवाला किशनपुरा, रामपुरा और डोहका मौजी को नशा मुक्त गांव घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा की मेहनत और उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे नशा मुक्त गांव अभियान की बदौलत अर्श वर्मा ने गांव डुडीवाला के नंदकरण सरकारी स्कूल में सरपंचों और ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। एसपी ने कहा क हमारा लक्ष्य है कि हर गांव, हर शहर और जिला नशा मुक्त बने। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस मुहिम में योगदान दे। नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरुक करना बेहद जरूरी है।

### इग्नू ने दाखिलों की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई

**चरखी दादरी।** मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) कार्यक्रम व्यावसायिक सामाजिक कार्य में उच्च अध्ययन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करता है। दुनिया भर में और भारत में समाज कार्य पाठ्यक्रम से संबंधित मुख्य पाठ्यक्रम की पेशकश के अलावा, इसमें समाज कार्य के कुछ प्रासंगिक क्षेत्रों जैसे वैश्वीकरण, प्रवासन, भारत में सामाजिक कार्य का इतिहास, सामाजिक कार्य अभ्यास पर सिद्धांत पत्र और पाठ्यक्रम शामिल हैं।

अल्टीमेटम देने के बाद बातचीत के लिए उपायुक्त ने बुलाया

# जल्द नपेंगी अवैध अकादमी, बिना अनुमति के चल रहे प्ले स्कूलों को माना बेहद गलत

- उपायुक्त से कोचिंग अकादमियों के खिलाफ कार्रवाई का मिला आश्वासन: रामअवतार शर्मा
- जल्द ही संबंधित अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर उपायुक्त देंगे कार्रवाई को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अवैध प्राइवेट कोचिंग अकेडेमियों को बंद करवाने की मांग को लेकर दो दिन पहले प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा द्वारा दिए गए 20 मार्च के अल्टीमेटम के बाद आज जिला प्रशासन हरकत में आ गया और जिला उपायुक्त ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात की। जिला उपायुक्त से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि उपायुक्त से हुई मीटिंग से हम संतुष्ट हैं और इस मीटिंग का सकारात्मक परिणाम निकलेगा और सभी अवैध अकादमियों के खिलाफ कार्रवाई होगी ऐसा हमें विश्वास है। उपायुक्त से मिले आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने 21 मार्च को होने वाले धरने प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। रामअवतार शर्मा ने कहा कि उपायुक्त ने हमारी मांगें ध्यान से सुनी और जल्द ही संबंधित विभाग अधिकारियों की मीटिंग बुलाने और कार्रवाई अमल में लाने का आश्वासन दिया है।

रामअवतार शर्मा ने दो दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस कर जिला प्रशासन द्वारा अवैध अकादमियों के खिलाफ 20 मार्च तक कार्रवाई न किये जाने पर सभी स्कूल संचालकों और उनके स्टाफ द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन और उपायुक्त ऑफिस के घेराव की चेतावनी दी थी। साथ ही, उन्होंने कहा था कि जिले के प्राइवेट स्कूल किसी भी सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे, न ही अपने यहाँ कोई एग्जाम सेंटर बनाएंगे, न ही किसी अन्य प्रकार का सहयोग करेंगे। रामअवतार शर्मा ने एक बार फिर कहा कि शहर में बड़ी संख्या में कोचिंग अकडेमी चल रही हैं। इन अकडेमी की सरकार या शिक्षा विभाग से कोई मान्यता नहीं है, फिर भी ये पहली से लेकर बाहरवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को स्कूल समय में कक्षा लगाकर पढ़ाते हैं।

बिना किसी सुविधा के ये बच्चों की मानसिक सेहत से खिलवाड़ कर रही हैं। पेरैंट्स को झूठ बोलकर बच्चों को एडमिशन कर लेते हैं। जब पेरेंट्स को सच्चाई पता चलती है तो वह पछताता है। इन अकादमियों के पास न बच्चों को सुरक्षित रखने के बिल्डिंग सेफ्टी, न फायर सेफ्टी सर्टिफकेट होती है, न ही पीने के पानी और शौचायलय जैसी कोई वयवस्था। छोटे-छोटे कमरों में सैकड़ों बच्चों को पढ़ाते हैं।

इस प्रकार से बच्चे न तो पढाई की दृष्टि से न ही अन्य कारणों से यहाँ सुरक्षित हैं। स्कूल समय में अकडेमी में कक्षाएं लगाकर ये शिक्षा विभाग के नियमों और राइट टू एजुकेशन एक्ट की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं।



**भिवानी।** उपायुक्त को अवैध अकेडमियों को लेकर मांगपत्र सौंपते प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### बिना मान्यता के चल रहे है प्ले स्कूल

प्ले स्कूलों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह बहुत ही संगीन मामला है, ये स्कूल बिना मान्यता के, छोटे छोटे घरों में अपने यहाँ दो से पांच साल के बच्चों को बिना किसी सुविधा के पढ़ाते हैं। यह गलत है. उन्होंने उपायुक्त से यह भी मांग रखी कि शहर के उन सभी प्ले स्कूलों को बंद किया जाए जिनके पास मान्यता नहीं है। इस अवसर पर शमशेर सिंह, संजीव श्योराण, यतिंदर नाथ, कर्ण मिर्ग, कमला गुरेजा, आनंद बसिया, पुलकित पाहुजा, जसवंत सहारण, धन सिंह अग्रवाल, विमलेश आर्य, दीपक शर्मा, परवीन सोनी, डीपी कौशिक, अमित धूपड़, मंजू शर्मा, निश्छल गोयल व अन्य स्कूल संचालक उपस्थित थे।

#### एकेडमियों ने नहीं ली मान्यता

वर्ष 2024 से पहले तक तो प्राइवेट अकेडेमियों को मान्यता देने के नियम नहीं थे लेकिन फरवरी 2024 में अब सरकार ने हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियम विधेयक लागू कर दिया। इस एक्ट के हिसाब से सभी कोचिंग संस्थानों को तीन महीने के अंदर मान्यता लेनी थी, लेकिन किसी भी अकादमी ने आज तक मान्यता नहीं ली है, इस प्रकार सभी अकादमियां अवैध हैं और बिना मान्यता के चल रही हैं। बच्चों के हित को देखते हुए जिला प्रशासन को इन अवैध और गैरमान्यता अकेडेमियों को बंद करवाना चाहिए। रामअवतार शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन सिर्फ ये मांग कर रहा है कि सरकार अपने ही बनाये हुए विधेयक को लागू करे। प्राइवेट स्कूलों द्वारा अपने यहाँ अकादमियों के बच्चे एडजस्ट करने के बारे में उन्होंने कहा कि जो स्कूल इन केडेमियों के बच्चों को अपने यहाँ एडजस्ट करते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी मांग रखी कि इन अकादमियों ने फ्लेक्स बैनर लगाकर पूरे शहर का सौन्दर्यकरण खराब कर दिया है इसलिए सभी के फ्लेक्स बैनर उरकर इनके खिलाफ शहर को गंदा करने के लिए भी कार्रवाई की जाए।



**तोशाम।** खेतों में जाकर गिरदावरी की जांच करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम डॉ. नैन ने किया गांवों में गिरदावरी का निरीक्षण

- राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश
- करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों में मौके का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने खेतों में पहुंचकर गिरदावरी का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की फसलों की सही गिरदावरी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आधा दर्जन से अधिक गांवों में जाकर फसलों की गिरदावरी का मौके पर आकलन किया।

एसडीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है। किसानों द्वारा जो भी फसल खेतों में बोई गई है, उसका गिरदावरी में सही आकलन होना बेहद जरूरी है।

#### कोताही बर्दाश्त नहीं

अधिकारी ने कहा कि गिरदावरी में किसी तरह की कोई कोताही व ढिलाई नहीं होनी चाहिए। अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहां पर पूर्व सरपंच पारस, बलवान सिंह, राजेश, रमेश से बातचीत करते हुए गावों में गिरदावरी बारे विस्तार पूर्वक जानकारी भी ली। गिरदावरी निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार संजय संजय शर्मा, कानूनगो राजेंद्र जाखड़, गिरदावर महेंद्र सिंह गोदारा, पटवारी मनोज कुमार, नागेंद्र, राकेश, अनूप, रोहतास, प्रदीप सहित अन्य अधिकारी भी साथ रहे।

एसडीएम डॉ. नैन ने कहा कि सरकार द्वारा एमएसपी पर फसलों की खरीद की जा रही है। जिसके तहत गिरदावरी के अनुसार ही फसलों का आकलन करके किसानों की फसल बेचने के लिए टोकन दिए जा रहें हैं। एसडीएम डॉ. अशवीर नैन मंगलवार को मिरान, अलखपुरा, दुल्हेडी, सुगंरपुर, खरकड़ी माखवान, रिवासा, धारण आदि गांव में पहुंचकर गिरदावरी का औचक निरीक्षण किया।

# विकास के लिए लाभकारी एवं दूरदर्शी साबित होगा बजट : चंदा गुप्ता

- बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं को दी लाडो लक्ष्मी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा चंदा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए वित्त वर्ष 2025-26 के हरियाणा बजट में प्रदेश के सभी वर्गो का समान रूप से ख्याल रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के विकास के लिए यह बजट अत्यंत लाभकारी एवं दूरदर्शी साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा।

चंदा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने और युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की योजनाओं की भी तारीफ की।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट में किए गए निवेश को चंदा गुप्ता ने महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा की है, जिसके तहत राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, इससे महिला महिला सशक्तिरण को मजबूती मिलेगी।



महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा चंदा गुप्ता।

# पानी की लीकेज बंद करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- महम रोड पर बड़ चौक के पास कई महिने से पीने के पानी की लीकेज ठीक नहीं हुई

महम रोड पर बड़ चौक के पास कई महिने से पीने के पानी की लीकेज ठीक करवाने के लिए स्थानीय दुकानदारों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया । वहां से गुजर रहे भिवानी हल्के के पूर्व प्रत्याशी व सीपीएम नेता कामरेड ओम प्रकाश गुजर रहे थे , तभी दुकानदारों ने उनसे शिकायत की कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में शिकायत दर्ज करने के बाद भी सम्बन्धित अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं , तो कामरेड ओम प्रकाश भी दुकानदारों के साथ मिलकर विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध नारे लगाने लगे । उन्होंने आरोप लगाया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं । विधायक व सांसद को भी जन समस्यायों के समाधान के प्रति कोई रुचि नहीं है । अधिकारी 10 बजे से एक बजे तक समाधान शिविर में रहते हैं, फिर घर चले जाते हैं , महकमें में आई हुई शिकायत पर कोई ध्यान नहीं देते हैं ।

# किसानों को दी जल संग्रहण और अधिक पैदावार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

समेकित जल संग्रहण परियोजना के तहत मंगलवार को झांझड़ा श्योराण के पंचायत भवन में गांव झांझड़ा श्योराण, झांझड़ा हसनपुर,पहाड़ी, गोठड़ा , गिगनाऊ, खरकड़ी तथा मनफरा आदि गांवों में बनाई गई वाटरशेड कमेटी के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वाटरशेड कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। शिविर में एचआईआरडी नीलोखेड़ी से असिस्टेंट प्रोफेसर कमलदीप सांगवान, तकनीकी विशेषज्ञ डॉ महावीर सांगवान व एएससीओ डॉ अनिल राठी ने उपस्थित वाटरशेड कमेटी के सदस्यों को वाटरशैड परियोजना व वाटरशेड समिति की जिम्मेदारियों के बारे में बताया।




लोहारू। एचआईआरडी के प्रो. दीपकमल सांगवान को सम्मानित करते हुए कमेटी सदस्य।

#### जल संरक्षण कार्य चिर काल से किये जा रहे

कमल दीप सांगवान ने बताया कि जल संरक्षण कार्य हमारे बुजुर्गों द्वारा चिर काल से किये जा रहे हैं। बुजुर्गों द्वारा बनाई गई बावडी (कुण्ड) उनका सबूत हैं। लेकिन बीच में हम पानी बचाना भूल गए व भूमि जल का निरन्तर जल दोहन करते रहें। जिसका असर ये हुआ कि हरियाणा का आधे से ज्यादा क्षेत्र डार्क जोन की श्रेणी में पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वाटरशेड कमेटियों को चाहिए कि वे ग्रामीणों को वर्षा का पानी अधिक से अधिक रिस्टोर करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान उन्होंने वर्षा जल के भंडारण की विधि भी बताई। एएससीओ डॉ अनिल राठी ने उपस्थित वाटरशेड कमेटी कम पानी में अधिक पैदावार लेने का आवहान किया व इन उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर संबंधित वाटरशेड समिति के प्रधान, सदस्य सहित अनेक पदाधिकारी व कमेटी के सदस्य तथा क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### आंगनबाड़ी केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**चरखी दादरी।** गांव हरियावास के आंगनबाड़ी केंद्र में उर्मिला हरियावास ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एकत्रित होकर हरियाणवी लोक गीतों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ढ़पली बजाकर भगवान को याद करते हुए सिर पर सदा तुम्हारा हाथ रहे, देवी देवताओं को प्रसन्न किया। उर्मिला ने प्राचीन संस्कृति का संदेश देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियां भी हमारी संस्कृति को जीवित रख पाए, इसलिए हम बार बार ऐसे कार्यक्रम करवाते हैं।

### पीएमश्री विद्यालय में ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल कार्यक्रम



**लोहारू।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य दर्शना कुमारी ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी श्यामसुंदर दमकोरा और प्रतिभा अहलावत ने किया। इस दौरान छात्राओं को पेड़ पौधों का जीवन के महत्व विषय पर जानकारी दी गई। प्राचार्य दर्शना कुमारी ने कहा कि शुद्ध और जीवन अनुकूल पर्यावरण के लिए जरूरी है तक प्रत्येक व्यक्ति जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके पालना पोषण के लिए कदम बढ़ाए।

### ट्रिपल इंजन की सरकार से बवानीखेड़ा का होगा विकास



**भिवानी।** बवानीखेड़ा नगर पालिका में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से बवानीखेड़ा का संपूर्ण विकास होगा। यह बात म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने नवनिर्वाचित चेयरमैन सुंदर अत्री को बवानीखेड़ा स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंच कर बधाई देते हुए कही। हनुमान कौशिक ने कहा कि सुंदर अत्री एक इमानदार, शिक्षित व योगय व्यक्ति हैं वे विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व प्रदेश सरकार के सहयोग से कस्बे का विकास करवाएंगे। इस अवसर पर धर्मवीर नागर, राकेश गौड़, सुनील शर्मा उमरावत भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** होली के बाद एक माह तक यहां पर चलता है फाग महोत्सव

# ढाणा वाली मंगलवारी माता की पूजा के लिए उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

भंडारा स्थल पर किया गया स्वच्छ पर्यावरण के लिए एक कुण्डी यज्ञ हवन

- भक्तों का सुबह से लेकर शाम तक तातां लगा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हनुमान ढाणी क्षेत्र में ढाणा वाली मंगलवारी माता की पूजा अर्चना की गई। होली के बाद जो की एक माह तक यहां पर फाग महोत्सव चलता है, जिसके तहत मंगलवारी माता की पूजा अर्चना यहां की जाती है। हनुमान जोहड़ी मंदिर के पीछे मंगलवारी माता स्थल है,जहां पर देशभर से लोग यहां पर पहुंचते हैं और माता के दर्शन करते हैं। मंगलवारी माता की आज सुबह पूजा अर्चना की गई और माता के भक्तों के द्वारा यहां पर पकवान बनवाया गया और पकवान का भोग लगाया गया तथा यहीं पर विराट 16 भंडारा आयोजित किया गया जिसमें करीब 20,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। माता रानी भंडारा आयोजन समिति के द्वारा यहां सुबह स्वच्छ पर्यावरण को समर्पित यज्ञ हवन किया गया। इस अवसर सानिध्य महंत चरण दास का रहा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान विवेकानंद हाई स्कूल की संचालिका सावित्री यादव, नरेश कांजू, श्री बाला जी कराटे अकादमी के निदेशक हरीश कोच एवं गुरुग्राम से संदीप गुप्ता रहे, जिन्होंने ने यज्ञ में आहुति डाली और भंडारे के प्रसाद का भोग लगा व दुर्गा शक्ति स्वरूप 9 कंजक कों भोजन करवा कर 16 वें भंडारे का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर नरेश कुमार,निदेशक सावित्री यादव, सुनील कुमार,पीपल मंदिर पुजारी प्रताप सैनी,संदीप गुप्ता,मास्टर कपील वर्मा,पंडित पवन कुमार शास्त्री,सोनू कुमार, प्रदीप, मोनू टीवी वाला, मोहन कुमार, संदीप कुमार, राधेश्याम सैनी, क्रिश कुमार,मयंक कुमार, कमल कुमार, रजनीश सराफ,सुमित कुमार, डायना, धर्मेंद्र,सुमित शर्मा, दीपक सैनी, सनी सनी, मनमोहन सैनी, संदीप सैनी, मोनू कुमार,बिंदर कुमार सैनी,कालू कुमार,संदीप, अशोक भारद्वाज, सतीश कुमार, मास्टर अमित, अमन कुमार, उर्मिला सैनी,अनीता सैनी, नीलम आदि ने सेवा की।





**भिवानी।** माता मंदिर में भंडारे के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करते हुए तथा माता के दर्शन करने वालों की लगी भीड़ का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

#### पूजा अर्चना

महंत चरणदास ने मंगलवारी माता व हनुमान जी की पूजा अर्चना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां पर देशभर से श्रद्धालु आते हैं,उन्होंने कहा कि भंडारा समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति भंडारा का आयोजन किया गया है, जिसको छोटी काशी के हजारों माता के भक्तों ने ग्रहण किया है। कहा कि यहां पर एक माह तक फाग महोत्सव चलेगा, जिसके तहत मंगलवारी माता की पूजा अर्चना की।

#### 20,000 से अधिक भक्तों ने प्रसाद पाया

भंडारे के संयोजक नरेश उर्फ कांजू ,विवेकानंद हाई स्कूल की संचालिका सावित्री यादव व सहयोगी हरीश कोच ने कहा कि यह भंडारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार 16 वां भंडारा का आयोजन किया गया है। माता रानी की कृपा से आज भंडारे में करीब 20,000 से अधिक माता के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि माता के प्रति लोगों की आस्था और विश्वास है, देश भर से यहां पर अपनी आस्था लेकर माता के भक्त पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति है और हिंदू धर्म में धर्म और कर्म को बड़ा महत्व दिया गया है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा जल संरक्षण एवं स्वच्छता पर महत्व दिया गया तथा नशे से दूर रहने की नसीहत दी गई।

# वाया मिरान होकर हिसार से संडवा की सीधी बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

हिसार से संडवा के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। राज्य परिवहन की यह बस वाया मिरान होकर चलेगी। हिसार से सीधी परिवहन सेवा से लोगों को काफी फायदा होगा। लोगों ने बस सेवा शुरू करने पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व सांसद किरण चौधरी का आभार जताया है।

हिसार से संडवा की बस सेवा सोमवार से शुरू हो चुकी है। हिसार से शाम को यह बस पांच बजकर दस मिनट पर वाया मिरान होते हुए संडवा के लिए चलेगी। सुबह 7 बजे यह बस संडवा से हिसार के लिए जाएगी। संडवा से यह बस सेवा शुरू होने से आमजन को काफी लाभ मिलेगा। इससे संडवा के अलावा पटौदी, खावा, भारीवास, झूलली सहित विभिन्न गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, सज्जन संडवा, प्रधान सुखबीर संडवा, अशोक कुमार आदि ग्रामीणों ने इसके लिए कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व सांसद किरण चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांग पर इस बस के शुरू होने से कर्मचारियों, छात्रों व आमजन को काफी फायदा होगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव संडवा व इस रूट पर आने वाले विभिन्न गांवों के कर्मचारी हिसार नौकरी कर रहे हैं। इसके अलावा अनेक छात्र-छात्राएं हिसार शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हिसार में अच्छे अस्पताल होने के कारण कई व्यक्ति इलाज के लिए हिसार आते-जाते हैं।

**सूचना**

मैं, पिंकी पत्नी सुरजपाल उर्फ सुखपाल उर्फ सुखराम पुत्र मंगल उर्फ मंगला पुत्र बख्तावर, उम्र 40 साल. निवासी ग्राम खुडाना, तहसील व जिला महेन्द्रगढ बयान करती हूँ कि मेरा पति सुरजपाल उर्फ सुखपाल उर्फ सुखराम दिनांक 16-10-2011 से घर से लापता हो गया था, जो आज दिन तक घर वापिस नही आया है। यह कि मेरे पति के गुम होने के बाद मैने, मेरे परिवार व रिश्तेदारो ने उसे हर जगह तलाश कर लिया है, तथा उसे खोजने के भरसक प्रयास कर लिये है, लेकिन किसी भी रिश्तेदारी वगैरा से उसके जीवित या मृत होने की आज तक कोई जानकारी ना मिली है, और ना ही मेरे पति की कोई सुचना मिली है कि वह जीवित है या मर चुका है। मैने, मेरे परिवार व रिश्तेदारो ने दिनांक 16-10-2011 के बाद से मेरे पति को ना देखा है और ना ही उसके बारे में सुना है।

खबर संक्षेप



### बीएंडआर के एक्शन पर मांगें नहीं मानने का आरोप

**नारनौल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शाखा बी एंड आर की बैठक प्रधान कपिल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव अनिल कुमार ने किया, जिसमें पूर्व राज्य प्रधान जगनलाल निनानियां, जिला कैशियर नरेंद्र, ब्रांच कैशियर विकास, उपप्रधान कृष्ण यादव एवं सहसचिव आकाश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्रधान कपिल ने बताया कि यूनियन के शिष्ट मंडल ने अनेक बार कार्यकारी अभियंता बी एंड आर को पत्र द्वारा मांगों के बारे में अवगत कराया है, लेकिन अभी तक उन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। प्रधान ने बताया कि अनेक मांग ऐसी हैं, जिसमें सरकार का एक पैसा भी खर्च नहीं होता।

### नारनौल कार्यालय में शिक्षा विभाग की बैठक

**नारनौल।** नशा एवं ड्रग उन्मूलन के अंतर्गत खण्ड के प्राचार्य, मुख्याध्यापक एवं मौलिक मुख्य अध्यापकों की बैठक मंगलवार खण्ड नारनौल कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने की। बैठक में बीईओ अशोक कुमार शर्मा द्वारा विशेष वक्ता के तौर पर उप सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार एवं एमएंडई अधिकारी दिलबाग सिंह को आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में खंड में कार्यरत प्रवक्ता साइकोलॉजी मोनिका, कौशल्या एवं नीरज श्योपर्णा को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने नशे के कारणों और रोकथाम पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर डीईओ संतोष चौहान उपस्थित थे।

### सेहलंग में आज व कनीना में 23 को रक्तदान शिविर

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव सेहलंग में 19 मार्च बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बलराम की पुण्यतिथि पर हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्रचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव व हरीश भारद्वाज करेंगें। रक्तदाताओं को हैल्मेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। दूसरी ओर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर आगामी 23 मार्च को कनीना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संगठन के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि यह शिविर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की संवेदना को समर्पित होगा।

### दो दिवसीय सेढ माता का मेला 22 से

**मंडी अटेली।** क्षेत्र से सटे राजस्थान के गांव शिवदानसिंहपुरा-बंथला में दो दिवसीय सेढ़ माता का मेला 22 मार्च से शुरू होगा। मेले में माता का भंडारा व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सेढ़ माता सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति सेढ़ माता के विशाल मेले 23 मार्च को भंडारा व जागरण होगा। विजेता खिलाड़ियों को 22 मार्च को युवा समाजसेवी ओमपाल यादव निवासी शिवदानसिंहपुरा द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

### खेड़ी तलवाना में 6 को होगा माता का मेला

**कनीना ।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित खेडी तलवाना में आगामी छह अप्रैल को शीतला, माता मार्गुपर वाली के धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। बाबा भोलागिरी आश्रम के महंत श्यामगिरी ने बताया कि मेले में रात्री 10 बजे रागनी कंपीटीशन होगा। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार सतपाल भाटी, शिल्पा तिवारी, रचना तिवारी, पूजा शर्मा, संजू, देवेंद्र व रामखिलारी द्वारा श्रोताओं का मनोरंजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में सुबह सवा आठ बजे हवन होगा उसके बाद 10 बजे रागनी कंपीटीशन तथा सवा दस बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

---

## एनएचएम कर्मचारियों ने घेराव संबंधित पोस्टर चस्पाएं, डीसी कार्यालय को भी करवाया अवगत

# एनएचएम कर्मियों के सेवा नियमों को फ्रीज किए बीते 9 माह, अब सीएम आवास घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई की बैठक मंगलवार को नागरिक अस्पताल परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र ने की। इस दौरान अस्पताल कैम्पस व आस पास क्षेत्र में सीएम आवास घेराव के पोस्टर चस्पाए गए। वहीं एक प्रतिनिध मंडल डीसी कार्यालय पहुंचा और वहां ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन डीसी कार्यालय के अधीक्षक सुरेंद्र कुमार को दिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति हरियाणा के अधीन कार्यरत प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों को सेवा नियम 2018 को अधिसूचित करते हुए एक जनवरी 2018 से लागू किया गया था, जिसमें कर्मचारी की पांच वर्ष की संतोषजन सेवा उपरान्त उसे बेसिक पे-सहित महंगाई भत्ता एवं 10 वर्ष की सेवा उपरान्त मकान किराया भत्ता सहित वेतन प्रदान करने का प्रावधान किया गया था। परन्तु 29 अक्तूबर 2024 को मिशन निदेशक एनएचएम हरियाणा द्वारा वित्त विभाग की आपत्ति का हवाला देते हुए पत्र जारी किया गया। उक्त पत्र में एनएचएम कर्मचारियों के सेवा नियमों को 26 जून 2024 से सेवा नियमों को फ्रीज कर दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से जो वेतन बढ़ोतरी मिली थी, वह माह नवम्बर के वेतन में से काट दी गई और जिले में लगभग 80 कर्मचारियों की सन्तोषजन सेवा पांच जनवरी को पूर्ण हो चुकी है, जो पिछले पांच वर्षों से मामूली वेतन में इस उम्मीद के साथ नौकरी रहे थे, कि पांच वर्ष पूर्ण होने पर हमें सम्मानजनक वेतन मिलेगा। उन कर्मचारियों को भी 20 हजार से 40 हजार तक की मासिक आर्थिक हानि हो रही है। सरकार के इस रवैये के कारण इन कर्मचारियों को मजबूरन माननीय उच्च न्यायालय में केस दायर करने के लिए अनावश्यक लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

उनके बारे में कोई भी नियमितिकरण पॉलिसी जारी नही की गई है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2018 में भाजपा सरकार द्वारा सेवा नियम जारी किए गए थे तथा भाजपा सरकार के शासन काल में ही सेवा नियमों को फ्रीज करके एनएचएम कर्मचारियों के मुंह का निवाला छिनने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण मजबूर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रान्तीय कार्य समिति द्वारा 23 मार्च 2025 को कुरूक्षेत्र में स्थित मुख्यमन्त्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जिला मंत्री विनोद राव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला सचिव कर्मवीर जाखड़, अजीत यादव, महेश सैनी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष नितेश बन्सल, टीका थापा बहादुर, भावना, स्वेता शर्मा, हेमन्त यादव, उमेश कश्यप, गौरव कक्कड़, ऋषी गोठवाल, प्रेम प्रकाश, हेमन्त गर्ग, जितेन्द्र यादव, अशोक जांगड़, लोकश शर्मा, सुनिता, अनिता देवी, सोनु, गंगा बाई, सविता यादव, ज्ञानवती, कमलेश यादव इत्यादि मौजूद थे।



**नारनौल।** डीसी कार्यालय पहुंचे एनएचएम कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा काल में कर्मचारियों के मुंह से छीना निवाला

संघ के प्रदेश कार्यालय सचिव हरकेश ने कहा कि बीते माह 22-23 फरवरी को स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का तृतीय द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन यादव धर्मशाला कुरूक्षेत्र में आयोजित किया गया था। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में हरियाणा प्रदेश में राज्य/जिला स्वास्थ्य समिति के तहत राज्य स्वास्थ्य मिशन हरियाणा में अनुबन्ध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने/नियमित करने बारे प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने बताया राज्य स्वास्थ्य मिशन हरियाणा में एनएचएम के अन्तर्गत हजारों कर्मचारी वर्ष 1998 से अपनी अनुबन्धित आधार पर सेवाएं दे रहे हैं, 1998 के बाद विभिन्न सरकारों द्वारा अनुबन्धित कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित किया गया, परन्तु एनएचएम कर्मचारियों के साथ सभी सरकारों द्वारा सौतेला व्यावहार किया गया।

---

## भारत-रूस सांस्कृतिक एकजुटता में दोनों संस्कृतियों के कलाकारों ने दर्शकों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रूसी बैले, रूसी ओपेरा, भारतीय फैशन-शो तथा रूसी कलाकार द्वारा गाया गया भारतीय गीत जय हो व भारतीय म्यूजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान मुख्य आकर्षण बनकर दर्शकों को अपनी और आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, विशिष्ट अतिथि अनिल कौशिक हरियाणवी कला संस्कृति प्रभारी, रजिस्टर डॉ. देवेंद्र यादव, वेटरनरी कॉलेज डीन डॉ. रामलाल भारद्वाज, डॉ. धर्मेंद्र कुमार कार्यक्रम समंवयक कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव, डिग्री कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने बताया कि भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक एकजुटता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नेशनल रिसर्च मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी सारांशक, रूस और आरपीएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के संयुक्त सहयोग से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार शाम छह बजे वेटरनरी साइंसेज कॉलेज के सभागार में किया गया। न्यू-एरा एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एकमात्र ऐसी रूसी यूनिवर्सिटी है, जहां भारतीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि आरपीएस ग्रुप व रस्शियन यूनिवर्सिटी के बीच आपसी शैक्षणिक सहयोग के लिए एमओयू है। इस कार्यक्रम में मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट आफ नेशनल कल्चर, रूस द्वारा प्रस्तुत विश्वप्रसिद्ध रूसी बैले डांस का प्रदर्शन किया गया।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### अभिनंदन समारोह में पहुंचे अटेली प्रधान संजय गोयल

**मंडी अटेली।** नगर निकाय चुनाव में मिली प्रचंड जीत से गदगद भारतीय जनता पार्टी ने पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैनों का स्वागत और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस स्वागत और अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी उपस्थित रहे। इस अभिनंदन कार्यक्रम में अटेली से नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय गोयल भी पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, अटेली पंचायत समिति के चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद, पार्षद अनिल गुप्ता, राकेश सेठ, परमानंद व सुरेश शर्मा मौजूद रहे।

## आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कांफ्रेंस सीएसआईआर-सीरी पिलानी के संयुक्त तत्वाधान में कराई गई। कांफ्रेंस के मुख्यातिथि हकेंवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) टंकेश्वर कुमार रहे।

कांफ्रेस की कन्वीनर डॉ. रोजालीना दास ने बताया कि यह कांफ्रेस हाइब्रीड मोड में आयोजित की गई, जिसमें साइंस, इंजिनियरिंग, ह्यूमनीटीज तथा मैनेजमेंट विषयों से संबंधित 100 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन किया तथा कांफ्रेस सोविनायर का विमोचन किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कांफ्रेस का थीम इनोवेशन इन साइंस, इंजिनियरिंग, ह्यूमनीटीज तथा मैनेजमेंट बहुत ही प्रासांगिक है, क्योंकि भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में देखना चाहते हैं, तो सबसे अधिक इनोवेशन पर काम करना होगा। आज दुनिया के छोटे-छाटे देश भी इनोवेशन के कारण ही पूरी दुनिया में छाए हुए है।

यदि हमें अपने देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करना है तो हमें अपने छात्रों को शोध के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए सबसे पहले हमें भी शिक्षा के साथ-साथ गुणवक्ता पूर्ण शोध पर ध्यान देना होगा। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इस संबध में हमारे देश की छवि बेहतर हुई है।

इसलिए, हमारा देश अब 55 में से 40वें स्थान पर आ गया है। जिसे हमें पहले 10 देशों की श्रेणी में लेकर आना है। प्रो. मीतू मल्होत्रा ने बताया कि कौन-कौन से टूल रिसर्च में प्रयोग कर सकते हैं।




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

---

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज के 2 विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी टॉप-10 सूची पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा एमकॉम तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के दो विधार्थियों ने टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त किया, जिसमे नैंसी पुत्री जगदीश ने 8.56 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सुषमा पुत्री छोटूराम ने 8.21 लेकर पांचवा हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने यह स्थान हासिल करके न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता व अपने कॉलेज के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन में अनुशासन और लग्न को प्राथमिकता देते हुए इस परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाया। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने शिक्षा क्षेत्र में सफलता का परचम लहराते हुए टॉप-10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरी कॉलेज के लिए गर्व का विषय हैं। विजय सिंह यादव ने बताया कि यदुवंशी कॉलेज हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में नित नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

# सरकार के बजट को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



बजट में किसानों एवं उद्यमियों सहित सभी वर्गों का हित सुरक्षित रखते हुए उनके उत्थान का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के हित में तो कई अहम निर्णय लिए गए हैं। बजट काफी सराहनीय है।

*-डॉ. शोभा यादव*



शिक्षा के क्षेत्र में यह बजट कारगार साबित होगा। प्रदेश सरकार ने बजट में हर वर्ग को ध्यान रखा है। इस बजट से हर वर्ग को फायदा। वहीं महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार का यह क्रांतिकारी कदम है। गरीब महिलाओं को घर खर्च और निजी खर्चा करने में आसानी होगी

*-हरीश भारद्वाज, चेयरमैन बीआर ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस*



हरियाणा सरकार ने सभी वर्गों की ध्यान में रखते हुए विकास का बजट पेश किया है। जहां एक तरफ हर जिले में मॉडल संस्कृति विद्यालय में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बनाया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ पूरे हरियाणा के स्कूलों में लगभग 600 स्टेम लैब भी स्थापित की जाएगी। किसान के लिए पशुधन बीमा योजना को पांच किसान से बढ़ाकर 10 किया गया है, जिससे छोटे किसानों एवं पशु पालकों को लाभ होगा। लाडो लक्ष्मी योजना के लिए भी 5000 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। हर महिला को हर महीने 2100 राशि का वादा पूरा होगा। ये बजट हर वर्ग के लिए लाभदायक है तथा कोई नया टैक्स भी नहीं लगाया है।

*-डॉ. अर्चना ठाकुर, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा भाजापा*



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीआर ग्रुप चेयरमैन हरीश भारद्वाज।

### बीआर स्कूल में साइंस ओलंपियाड विजेताओं का हुआ सम्मान

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, गुरुग्राम द्वारा आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह छात्रों की अनूठी उपलब्धियों को मान्यता देने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ के प्रेरणादायक भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रतिभा देश के ग्रामीण इलाकों में बसती है। आज हमारे छात्र महानगरों के विद्यार्थियों के समकक्ष अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहे हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि जब विद्यार्थी मन लगाकर मेहनत करते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का प्रदर्शन करने का संकल्प लेते हैं, तो वे असंभव को भी संभव कर दिखाते हैं।

---

### संगीत कुर्सी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया जोश और उत्साह

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मंगलवार को एक मनोरंजन संगीत कुर्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोरंजन और मानसिक व शारीरिक शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल के नियम के अनुसार, संगीत बंद होते ही सभी प्रतिभागियों को कुर्सी पर बैठना था। प्रत्येक राउंड में एक कुर्सी हटाई जाती रही और अंत में एक विजेता चुना गया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि यह हमें जीवन में कई महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाती है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है। हमेशा सकारात्मक सोचें, आत्मविश्वास बनाए रखें और लगातार मेहनत करते रहें। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आकाश एकेडमी में नव सत्र पर हवन यज्ञ आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी में मंगलवार को नवसत्र के उपलक्ष्य पर हवन का आयोजन किया गया, जिसमें एकेडमी के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने स्वस्तिवाचन मत्रों के साथ आहुति डालकर वातावरण सहित मानसिक शुद्धि की। हवन के साथ मां सरस्वती के चरणों में पुष्पार्पित व दीप प्रज्वलित कर नए सत्र की शुरूआत की। सभी बच्चों में अपनी संस्कृति का परिचायक यज्ञ कीमेहता को समझा। देवेंद्र बैरावास ने सहर्ष अभिभादन व स्वागत किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील गोरा, बालमुकुंद गुप्ता, डिप्टी राम शर्मा, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, मनोज खेड़ा, कंचन यादव, ज्योति तंवर, जसवंत, नितिन, आकाश, संजय, बबीता यादव, कैलाश व मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।





**महेंद्रगढ़।** विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीजेआरडी में हवन कर नए सत्र का प्रारंभ किया

**महेंद्रगढ़।** बीजेआरडी स्कूल में हवन यज्ञ के साथ नया सत्र प्रारंभ हुआ, जिसमें स्कूल संचालक राजपाल यादव, प्राचार्य व स्कूल स्टॉफ के साथ हवन किया गया। पंडित कुलदीप भारद्वाज ने बताया कि हवन यज्ञ के साथ भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है। एक दृष्टि से देखा जाए तो भगवान से अधिक महत्व गुरू का है। गुरु शब्द दिखने में जितना छोटा है, उसका महत्व उतना ही अधिक है। जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर जीवन को ज्ञानरूपी प्रकाश प्रदान करे, वही गुरु होता है। गुरु जीवनभर ज्ञान की ज्योति जलाते हुए अपने शिष्यों का जीवन प्रकाशित करता है। गुरु मोमबत्ती के समान होता है, जोकि खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है और बच्चों को नशे से दूर रहने का आवाहन किया।


---

## कॉलेज में स्वास्थ्य की चुनौतियां व भारतीय जीवनशैली पर संगोष्ठी आयोजित

### अधिकतर रोगों की जड़ आधुनिक जीवनशैली है योगी : डॉ यशपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में युवा रेड क्रॉस प्रकोष्ठ के सानिध्य में 'स्वास्थ्य की चुनौतियां और भारतीय जीवनशैली' विषय पर आरोग्य भारती हरियाणा के सौजन्य से एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय यूथ रेडक्रॉस के सानिध्य में स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही साथ आरोग्य भारती के स्वच्छ जीवन शैली ब्रोसर का प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा और स्टाफ सदस्यों के कर-कमलों द्वारा प्रमोट किया गया। इस संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता आरोग्य भारती के प्रान्त सचिव योगी, डॉ यशपाल आर्य और जिला महेंद्रगढ़ के सचिव योगाचार्य डॉ नितिन कुमार रहे। डॉ यशपाल आर्य ने विद्यार्थियों को बताया कि आज संसार में लगातार रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। अधिकतर रोगों की जड़ आधुनिक जीवनशैली है। उन्होंने आधुनिकता की भागदौड़ में होने वाले रोगों की जानकारी दी, जैसे माइग्रेन, सर्वाइकल, अनिद्रा, याददाश्त, भूलने की आदत बढ़ना, मन की चंचलता बढ़ना, ज्यादा उग्र रहना या भयभीत रहना आदि और उनसे बचने के लिए सचेत किया। रसोई में सफेद नमक, चीनी, मैदा, रिफाइंड तथा एल्युमिनियम के बर्तन का प्रयोग बन्द करे और बाजार तले भुने मिलावट के बने हुए समान का निषेध रखे।



**नारनौल।** संगोष्ठी में हिस्सा लेते वाले। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर हुआ कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई की ओर से मंगलवार को आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रचना यादव व राकेश कुमार मुख्य वक्ता रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन को लेकर व्याख्यान प्रस्तुत किया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में शिक्षकों को बताई। वर्कशॉप को प्रभावशाली बनाने के लिए पहले से ही विषय वस्तु और एजेंडा को व्यवस्थित तरीके से प्लान किया गया।



**महेंद्रगढ़।** कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व अन्य।